कोलकाता, शनिवार
29.01.2022

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com

कोलकाता | रांची | पटना | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | मुजफ्फरपुर | भागलपुर से प्रकाशित

पेज 08

आसनसोल दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रो-वाइस चेयरपर्सन का निधन

आसनसोल. दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरपर्सन रमेश प्रसाद गोयनका का 28 जनवरी (शुक्रवार) की सुबह निधन हो गया. श्री गोयनका पिछले एक वर्ष से कैंसर से जूझ रहे थे तथा टाटा कैंसर अस्पताल, मुंबई में उनका इलाज चल रहा था. पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी. दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है. विद्यालय परिसर में आयोजित शोकसभा में समस्त कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.